**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

1- सिंहस्थ-2028 के समस्त कार्य जून 2027 में पूर्ण कर लिए जाएंगे कहा, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने।
2- भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।
3- प्रदेश में कल से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू हुई।
4- मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर अपना दूसरा डब्ल्यूपीएल खिताब जीता।

अब समाचार विस्तार से...

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 के समस्त कार्य जून 2027 में पूर्ण कर लिए जाएंगे। सिंहस्थ-2028 के भव्य आयोजन के लिए सरकार कृत-संकल्पित हैं। इसके अंतर्गत 2329 करोड़ के कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने उज्जैन में शुक्रवार को अमृत 2.0 मिशन अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों तथा सिंहस्थ क्षेत्र में 476 करोड रुपए लागत के सीवरेज कार्यों का भूमि-पूजन किया। जल संसाधन विभाग के 2 हजार 533 करोड़ रुपए के तीन, ऊर्जा विभाग के 329 करोड रुपए के 6 कार्य किये जा रहे हैं। 9 हजार 650 करोड़ रुपए के टू लेन तथा फोर लेन सड़क निर्माण किये जा रहे हैं। पर्यटन के 382 करोड़ रुपए, संस्कृति विभाग के 259 करोड़ रुपए के काम किये जा रहे हैं। मेडिसिटी में मेडिकल कॉलेज सहित अन्य उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा सिंहस्थ का व्यापक एवं भव्य आयोजन हम सब की जिम्मेदारी है।

**अमित शाह - पूर्वोत्तर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार समूचे पूर्वोत्तर को एकजुट करने और मजबूती प्रदान करने के लिए पिछले दस वर्ष से निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार क्षेत्र में पर्यटन से प्रौद्योगिकी, खेल से अंतरिक्ष और कृषि से उद्यमिता तक हर क्षेत्र में अप्रत्याशित विकास कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने, विकास को बढ़ावा देने और नागरिकों के बीच शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने के केंद्र सरकार के लक्ष्यो को भी दोहराया।

श्री शाह ने कल मिजोरम की राजधानी में आइजोल में असम राइफल्स के बटालियन मुख्यालय को आइजोल शहर से ज़ोखावसंग में स्थानांतरित करने के निर्णय को मिजोरम के विकास के लिए महत्वपूर्ण करार दिया है।

**प्रधानमंत्री पॉडकास्ट**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने लोगों से आज प्रसारित होने वाले लेक्सो फ्रिडमैन के साथ बातचीत का अपना पॉडकास्ट  साक्षात्कार सुनने का अनुरोध किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि श्री फ्रिडमैन के साथ उनकी बहुत अच्छी बातचीत हुई। इस बातचीत में श्री मोदी के बचपन, हिमालय में बिताए गए समय और सार्वजनिक जीवन समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। श्री फ्रिडमैन ने कहा कि उन्होंने तीन घंटे तक प्रधानमंत्री मोदी के साथ पॉडकास्ट  बातचीत की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन की सबसे प्रभावशाली बातचीत है।

**भारत अर्थव्यवस्था**

वैश्विक वित्तीय कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत 2028 तक जर्मनी को पीछे छोडते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था 35 खरब डॉलर की थी और अनुमान है कि 2026 तक यह 47 खरब डॉलर हो जायेगी। मॉर्गन स्टेनली के अनुसार 2028 में भारत की अर्थव्यवस्था बढकर 57 खरब डॉलर हो जायेगी और वह जर्मनी से आगे निकल जाएगा । रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत दुनिया के सबसे अधिक मांग वाले उपभोक्ता बाजार के रूप में उभरा है और उसकी वैश्विक आर्थिक रैंकिंग में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि यह असाधारण बढोत्तरी संयोग से नहीं बल्कि वर्षों के दूरदर्शी नेतृत्व और साहसिक आर्थिक सुधारों का परिणाम है। सोशल मीडिया पोस्टे में पार्टी ने कहा है कि जबसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने कार्यभार संभाला है तब से बदलाव का दौर शुरू हो गया है।

**आवास योजना**

प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कल खंडवा में कहा है कि  आवास योजना के लिए मध्यप्रदेश में सर्वे किया गया था, जिसमें लगभग 27 लाख लोगों के नाम जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि आवास योजना के तहत जरूरतमंदों की मदद करना सरकार का मूलभूत दायित्व है। इसके लिए 3 माह पहले फिर से सर्वे शुरू किया गया है जिसमें पात्र हितग्राही नाम जुड़वा सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी जरूरतमंद को छूटने नहीं दिया जाएगा एवं सभी के लिए पक्का आवास बनायेंगे। उन्होंने कहा कि सर्वे पूरा होने के बाद सभी को आवास मिल जाएगा। उन्होंने खण्डवा जिले की ग्राम पंचायत नर्मदानगर में मां रेवा उद्यान का लोकार्पण किया। श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पात्र हितग्राहियों को मूलभूत सुविधाएँ जैसे मकान, पानी, बिजली एवं गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए योजनाएं संचालित की हैं। इन योजनाओं ने महिलाओं का सम्मान व सशक्तिकरण किया है।

**समर्थन मूल्य-गेहूं**

प्रदेश में कल से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू हो गई है। सभी जिलों में इसकी व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। किसानों की सुविधा के लिए खरीदी केन्द्रों पर समुचित व्यवस्था की गई। खरीदी केन्द्रों पर निःशुल्क स्लॉट बुकिंग करने हेतु हेल्प डेस्क भी रहेंगे। किसानों को शीघ्र भुगतान की व्यवस्था की भी जा रही है।

खाद्य मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। इसके अतिरिक्त किसानों को 175 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया जाएगा। जिससे कुल समर्थन मूल्य 2600 रुपये प्रति क्विंटल हो जाएगा। प्रदेश में इस वर्ष लगभग 80 लाख मेटरिक टन गेहूं उपार्जन का अनुमान लगाया गया है।

**विश्व खसरा दिवस**

इंदौर जिले में आज विश्व खसरा दिवस मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य खसरे की गंभीरता को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना और खसरे के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि अपने-अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर बच्चों को खसरा का टीका अवश्य लगवाएं और अपने बच्चों को खसरा रोग से बचाएं।

**क्रिकेट-डब्ल्यूपीएल नतीजा**

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के फाइनल में, मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ रनों से हराकर अपना दूसरा डब्ल्यूपीएल खिताब जीत लिया है। 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, दिल्ली कैपिटल्स की टीम 20 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 141 रन ही बना सकी। हरमनप्रीत कौर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। नेट साइवर-ब्रंट को टूर्नामेंट का मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया। अमेलिया केर ने इस सीजन में 18 विकेट लेकर पर्पल कैप जीती, जबकि अमनजोत कौर ने इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन का पुरस्कार जीता। 2023 में पहले डब्ल्यूपीएल फाइनल में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हराया था।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में**

1- किसान कल्याण मंत्री एदल सिंह कंषाना ने किसानों से ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में कीटनाशक और नीदानाशक का उपयोग कम से कम करने की अपील की है।

2- इंदौर जिले में अचल संपत्तियों के पंजीयन के लिये तैयार किये गये प्रस्ताव पर आमजन से सुझाव आमंत्रित किये गये हैं।

3- केन्द्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय दुर्गादास उइके ने बैतूल जिला चिकित्सालय को प्राप्त चिकित्सकीय उपकरणों का कल लोकार्पण किया।

4- गुना जिले में अब ऐतिहासिक इमारतों, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, शासकीय कार्यालयों, अन्य सार्वजनिक स्थलों एवं पार्कों में बिना अनुमति के शूटिंग, वीडियो, रील एवं फोटोग्राफी आदि बनाए जाने पर कलेक्टर ने रोक लगाई है।

5- आगरमालवा जिले मे रबी उपार्जन के तहत कल से गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया शुरू हुई।

मुख्य समाचार,एक बार फिर

1- सिंहस्थ-2028 के समस्त कार्य जून 2027 में पूर्ण कर लिए जाएंगे कहा, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने।

2- भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

3- प्रदेश में कल से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू हुई।

4- मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर अपना दूसरा डब्ल्यूपीएल खिताब जीता।

--------------------